जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 8066 / 2025 दिनांकः 13 अप्रैल, 2025

शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः–स्नातक / परास्नातक पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर परीक्षा के आनलाईन परीक्षा फार्म पूरित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्याः जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 7957 / 2024, दिनांकः 21 मार्च, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से **स्नातक / परास्नातक पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर परीक्षाओं के आनलाईन परीक्षा फार्म 'समर्थ पोर्टल'** के माध्यम से **दिनांकः 22 मार्च, 2025** से **दिनांकः 05 अप्रैल, 2025 तक** पूरित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये थे, **किन्तु 'समर्थ पोर्टल' पर अद्यतन समस्त छात्र / छात्राओं के परीक्षा फार्म पूरित नहीं किये जा सके हैं।**

तत्क्रम में सूच्य है कि **सम सेमेस्टर परीक्षाओं के आनलाईन परीक्षा फार्म पूरित किये जाने से सम्बन्धित गतिविधियाँ 'समर्थ पोर्टल' पर दिनांकः 14 अप्रैल, 2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक ही उपलब्ध रहेंगी।** उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चात **अवशेष छात्र / छात्राओं के परीक्षा फार्म पूरित करने, सत्यापन एवं आनलाईन सम्पूर्ण शुल्कादि जमा करने की समस्त कार्यवाही दिनांकः 16 अप्रैल, 2025 तक पूर्व की भाँति विश्वविद्यालय वेबसाईट (www.jncu.ac.in) के माध्यम से सम्पादित होंगी।**

कृपया उक्त का अनुपालन शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(एस0एल0पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. **माननीय कुलपति जी।**
2. **वित्त अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।**
3. **डॉ0 नीलमणि त्रिपाठी, नोडल अधिकारी, 'समर्थ पोर्टल', जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।**
4. **जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।**
5. **प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषित करते हुए अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चयन हेतु।**
6. **सम्बन्धित पत्रावली।**

कुलसचिव